सार-समाचार

विधार्थियों को वस्त्र वितरित किए

हिंडौन सिटी, (निसं)। भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा परिषद् के ''अर्पण अभियान'' के अन्तर्गत 20 जनवरी सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हुक्मीखेड़ा में ज़रूरतमन्द व निर्धन परिवारों के विधार्थियों को ऊनी वस्त्रों एवम् छात्राओं को स्कॉर्फ का वितरण किया गया। शाखा अध्यक्ष उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि परिषद् द्वारा प्रतिवर्ष शीतकालीन सत्र में विभिन्न विद्यालयों एवम् बस्तियों में ज़रूरतमन्द व निर्धन परिवारों के विधार्थियों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया जाता है। परिषद् के राजस्थान पूर्व प्रान्त द्वारा इस वर्ष यह कार्यक्रम ''अर्पण अभियान'' के बैनर तले किया जा रहा है। शाखा द्वारा पूर्व में 26 दिसम्बर को आर एस एस द्वारा संचालित अम्बेडकर बाल संस्कार केन्द्र, हज़रिया की कोठी, हिण्डौन सिटी के ज़रूरतमन्द व निर्धन परिवारों के विधार्थियों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया था, आज पुन: ''अर्पण अभियान'' कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हुक्मीखेड़ा मे विधार्थियों को ऊनी वस्त्र तथा बालिकाओं को स्कार्फ वितरित किए। कार्यक्रम प्रभारी हुकुम सिंह गुर्जर ने बताया कि विद्यालय परिसर में भारत विकास परिषद्, शाखा हिण्डौन सिटी द्वारा ''अर्पण अभियान'' के तहत ऊनी वस्त्र वितरण कार्यक्रम में शामिल सभी विधार्थियों, शिक्षकों एवम् अन्य जनों को सम्बोधित करते हुए प्रांतीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं प्रकल्प प्रभारी पंकज जैन ने परिषद् के ''स्वस्थ, समर्थ संस्कारित भारत'' के उद्देश्य को लेकर शाखा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न संस्कार व सेवा प्रकल्पों के कार्यों की जानकारी दी वहीं सभी विधार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रेरित किया। शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता ने विद्यालय प्रधानाचार्य आदि सभी का आभार व्यक्त किया। शाखा सचिव दीनदयाल सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम में प्रांतीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं प्रभारी पंकज जैन व विकलांग सहायता एवम् पुनर्वास प्रभारी देवेन्द्र शर्मा, शाखा अध्यक्ष उपेन्द्र गुप्ता, संरक्षक अशोक गर्ग, सम्पर्क प्रमुख ओमप्रकाश गुप्ता (ढिंढोरा), संस्कृति सप्ताह प्रभारी वन्दना शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक गर्ग (रामपुरा) आदि सम्मिलित हुए। विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश मीणा, रोहताश डागुर, राजेश बघेल, राजवीर डागुर, सुनील शर्मा, सोहन सिंह गुर्जर सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों आदि ने परिषद् के ''अर्पण अभियान'' की भरपूर प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन राजू लाल डागुर ने किया।

जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

करौली, (निसं)। करौली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत हरनगर के ग्राम महू को परिसीमन में अलग से ग्राम पंचायत बनाए जाने कि मांग को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे जहा उन्होने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग कि है कि 15 से 20 किलोमीटर हरनगर ग्राम पंचायत की दूरी विभिन्न गांवों से पड़ती है। राज्य सरकार द्वारा नए सिरे किए जा रहे परिसीमन के अनुसार गांव महू को ग्राम पंचायत बनाकर उसमें गांव पाराशरी, फतेहपूरियानकापुरा, पंच्याकापुरा, सीताकापुरा, आरामपुरा, भीकमपुरा, सांकरा, गुरूपुरा आदि को परिसीमन में लेते हुए गांव महू को ग्रम पंचायत बनाया जाए जिससे सभी गांव की दूरी ग्राम पंचायत महू के बनने से 5 से 7 किलोमीटर रह जाएगी ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि हरनगर बड़ी पंचायत होने के कारण सभी गांव का विकास नहीं हो पा रहा है वहीं पंचायत मुख्यालय कि दूरी भी गांवों से ज्यादा है ग्राम पंचायत महू बन जाने के बाद राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ भी ग्रामीणों को ठीक से मिल पाएगा। ग्रामीणों को हर छोटे कार्य के लिए 15 से 20 किलोमीटर कि दूरी तय कर ग्राम पंचायत हरनगर जाना होता है अगर गांव महू को ग्राम पंचायत मुख्यालय बनाया जाता है तो सभी गांव कि दूरी 5 से 7 किलोमीटर रह जाएगी जिससे ग्रामीण आसानी से अपने काम कर सकेंगे।इस दौरान ग्राम महू,सांकरा,भीकमपुरा,गुरुपुरा,पाराशरी,आराम पुरा,फतेहपूरियान का पुरा,पांच्याकापुरा,सीताकापुरा आदि गांव के लोग मौजूद रहे। जिसमें आराम पुरा से वार्ड पंच दर्शनलाल ठेकेदार, पोथी, श्रीफूल, गबल, नरेश, रंगीलाल, दर्शन ठेकदार महू,अमर सिंह, जगमोहन, बाबू, अशोक, रामस्वरूप, रामजीलाल, कमल, सीतापुर,संतोष जाटव, अमरसिंह, बद्री, उपसरपंच रामवीर, गोविंद,कप्तान मीना,हेमलता बाई,छोटेलाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह आयोजित

करौली, (निसं)। सपोटरा उपखंड की ग्राम पंचायत अमरगढ़ के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अमरगढ़ में वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि जगदीश गुर्जर के मुख्य आथित्य एवं राजस्थान समठा शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार के विशिष्ट आथित्य उप प्रधानाचार्य नरेंद्र जांगिड़ कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अतिथियों एवं अध्यक्ष के द्वारा मां शारदे के चित्रपट पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि जगदीश गुर्जर विशिष्ट अतिथि रूपसिंह गोरेहार व अध्यक्ष नरेंद्र कुमार जांगिड़ के द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर एवं भामाशाहओ का माल्यार्पण के साथ अंग वस्त्र भेंट सम्मानित किया।जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था कि सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का पिछले कई वर्षों से बोर्ड की कक्षाओं का परीक्षा परिणाम अति उत्तम रहा है भौतिक व्यवस्थाएं के साथ विद्यालय का संचालन श्रेष्ठ है इसके लिए उन्होंने प्रधानाचार्य सहित समस्त स्टाफ का धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य भामाशाह बृजमोहन अध्यापक नाथनबाड़ी द्वारा 121000, भामाशाह मदन मोहन तिवारी जिला मंत्री राजस्थान समठा शिक्षक संघ द्वारा 15300 एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय अण्डेल के सभी 70 बच्चों को गर्म जर्सी देने पहलाद मीणा जिला संरक्षक राजस्थान समठा शिक्षक संघ द्वारा 15300, धर्मेंद्र शर्मा अध्यापक द्वारा 10200 सामाजिक कार्यकर्ता मोहनराज नाथनबाड़ी द्वारा 11000 देशराज जीतराम ठेकेदार धर्मराज मीणा द्वारा 2100 सियाराम मीणा द्वारा 1100 की सहयोग राशि देकर विद्यालय विकास में योगदान किया। समारोह के उद्बोधन में भक्ताओं ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से संस्कारित शिक्षा ठाहण करने पर बल दिया।

चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना

रूपवास, (निसं)। शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित नई कॉलोनी में पुलिस निरीक्षक प्रमेन्द्र रावत के सूने मकान में से चोर चोरी कर ले गए। एएसआई कुंजबिहारी शर्मा ने बताया कि गांव दौरदा निवासी रामजीत पुत्र गणेशीलाल शर्मा ने मुकदमा दर्ज कराया है। कि मेरे मामा के लड़के प्रमेन्द्र रावत व धीरज रावत का शहर में मकान है। तथा दोनो भाई बाहर रहकर सरकारी सेवा में कार्यरत है। उनका मकान सूना रहता है। जिसमे अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर प्रवेश किया है। तथा बैटरी, रावत स्कूल का रिकार्ड सहित सुटकेश बगेराह अस्त व्यस्त मिले। वही अन्य चोरी गये सामान की जानकारी परिजन आने के बाद बताएंगे। वही धीरज रावत ने बताया कि चोर पीतल के बर्तन, परात, चांदी के सिक्के व अन्य सामान को भी चुरा ले गए है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच टाउन चौकी इंचार्ज एचसी बच्चूसिंह को दी है। जो जांच कर रहे हैं।

स्काउट के दो दल रवाना

करौली, (निसं)। भारत स्काउट व गाइड्स राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वाधान में डायमंड जुबली स्पेशल जंबूरी तमिलनाडु के त्रिचि में 28 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। सशक्त युवा विकसित भारत की थीम पर आयोजित जंबूरी में सहभागिता करने का स्काउट व गाइड को विशेष अवसर प्राप्त होगा। डायमंड जुबली स्पेशल जंबूरी में भाग लेने हेतु स्थानीय संघ करौली से दो दल रवाना हुए। सचिव स्थानीय संघ मुकेश सारस्वत ने दल मे शामिल विद्यार्थियो को स्कार्फ और माला पहनाकर रवाना किया। ये दल 24 जनवरी तक जयपुर के जगतपुरा स्थिति स्काउट गाइड राज्य प्रशिक्षण केंद्र पर जंबूरी हेतु विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के स्थानीय संघ सचिव मुकेश सारस्वत ने बताया कि महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कैलादेवी से स्काउट का एक दल स्काउट मास्टर और सहायक सचिव गणेश चंद्रशर्मा के नेतृत्व में रवाना हुआ इस अवसर पर प्रधानाचार्य रजनीश अवस्थी,उप प्रधानाचार्य व्याख्याता विमलेश शर्मा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थिति रहा। दूसरा दल प्रियंका माली ओपन गाइड कंपनी के नेतृत्व में रवाना हुआ। दल में कोमल चैधरी,गोराबाई माली,ललिता बाई मीणा,शशि कुशवाह,करिश्मा राठौर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करौली से व अंजली मीणा राजकीय महाविद्यालय करौली,प्रत्यूषा शर्मा ओपन गाइड कंपनी करौली शामिल हैं। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कैलादेवी से लव कुश माली,कृष्णा महाबर,मोनू बैरवा,अशोक बैरवा, मानसिंह जाटव, सचिन जंगम,विष्णु मीणा दल प्रभारी गणेश चंद शर्मा के साथ रवाना हुए। जंबूरी में सी ओ स्काउट अनिल कुमार गुप्ता उप दल नेता एवं,सी ओ गाइड निरमा मीणा उप दल नेत्री होंगी।दल के नेता जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा इंद्रेश तिवाडी होंगे जबकि एसीबीईओ रजनी गोयल दल नेत्री के रूप में सहभागिता करेंगी।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर हुए धार्मिक उत्सव

गंगापुर सिटी, (निसं)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर गंगापुर सिटी और आसपास के क्षेत्र में धार्मिक उत्सव का माहौल रहा। शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं, आम नागरिकों और विभिन्न संगठनों ने इस अवसर को भव्यता से मनाया। इस दौरान सनातनियो ने अपने घर व मंदिरो में दीप दान कर एवं राम भगवान की पूजा कर इस वर्षगांठ कार्यक्रम को दीपावली की तरह मनाया। शहर में कई जगहो पर आतिशवाजी की गई। गो-सेवा समिति के जिलाध्यक्ष गोविंदनारायण शर्मा के नेतृत्व में शहर के मंदिरों में विशेष आयोजन किए गए। मंदिरों में भगवान श्रीराम का भव्य श्रृंगार कर आकर्षक झांकियां सजाई गईं। श्रद्धालुओं ने घरों और मंदिरों में दीप

■ **दीपावली की तरह दीपदान एवं आतिशवाजी के साथ मनाया उत्सव**

प्रज्वलित किए तथा सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया। महिलाओं ने भजन-कीर्तन में बढ-चढकर हिस्सा लिया।

गोशालाओं में गायों की पूजा की गई और उन्हें हरा चारा खिलाया गया। साथ ही मिठाइयों का वितरण भी किया गया। गो-सेवा समिति के अनुसार, लगभग 5०० वर्षों के इंतजार के बाद



रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में भाग लेते सनातनी।

अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सभी सनातन धर्मावलंबियों और गो-सेवकों के लिए एक सपने के साकार होने जैसा है।

इस ऐतिहासिक अवसर को लोगों ने अपने घरों में दीप जलाकर और गो-पूजन के साथ मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने नसिया कॉलोनी स्थित श्रीजानकी बाडी हनुमान मंदिर सहित अपने-अपने आस-पास स्थित मंदिरों, घरों एवं प्रतिष्ठानों पर सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा सहित अनेक धार्मिक आयोजनों को आयोजित कर सभी धर्मावलंबियों ने अपने-अपने परिवारजनों में संस्कारों के रूप में श्री रामलला के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। मीडिया प्रमुख धनेश शर्मा एवं मंडल महामंत्री मिथलेश व्यास ने बताया कि सभी धर्मावलंबियों ने भाजपाइयो के आव्हान पर अपने अपने घरों मंदिरों का प्रतिष्ठानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर सभापति शिवरतन अग्रवाल, हेमंत जैन, डॉ. मुकेश व्यास, रवींद्र कटारा, कमलेश महावर ,सुरेश चंद शर्मा, प्रवीण पचौरी, वेदप्रकाश शर्मा, विष्णुकांत दीक्षित, मुकेश जांगिड, श्याम मेंबर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

आरोपी गिरफ्तार

भरतपुर, (निसं)। नदबई पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये नाबालिग अपहर्ता को दस्तयाब कर नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में घटना के 48 घण्टे के भीतर आरोपी मौनू को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में वांछित आरोपियों की धरपकड अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैर जयनारायण मीना आरपीएस व वृताधिकारी वृत नदबई अमरसिंह राठौड के सुपरवीजन में थानाधिकारी बृजेन्द्र सिंह मय गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर थाना नदबई के प्रकरण नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी मौनू पुत्र बनैसिंह निवासी खांगरी थाना नदबई को गिरफतार किया गया। 19 जनवरी को एक व्यक्ति ने गांव खांगरी थाना नदबई निवासी मौनू पुत्र बनैसिंह उम्र 21 साल के विरूद्ध उसकी नाबालिग पुत्री को धोखाधडी पूर्वक बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने का एक मामला थाना नदबई पर पंजीवद्व कराया था।

एकल नृत्य प्रतियोगिता में पूजा मीना प्रथम

गंगापुर सिटी । राजकीय पीजी महाविद्यालय में सांस्कृतिक सप्ताह के तहत बुधवार को रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कॉलेज की साहित्यिक सांस्कृतिक समिति और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्राचार्य प्रो. सुमित्रा मीना की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में पूजा मीना ने प्रथम, पायल पांचाल ने द्वितीय और साक्षी मीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। युगल नृत्य में संगीता और कृष्णा सैनी की जोडी प्रथम, गोलू और भरोसी गुर्जर द्वितीय तथा धीरज-दीपक की जोडी तृतीय स्थान पर रही। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में सोनिका एंड

■ **राजकीय पीजी महाविद्यालय में सांस्कृतिक सप्ताह के तहत हुआ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन**

ग्रुप ने पहला, दीपक एंड ग्रुप ने दूसरा और अभिलाषा एंड ग्रुप ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेशचंद्र मीना ने किया, जबकि महिला प्रकोष्ठ प्रभारी उर्मिला मीना ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के महेंद्र मीना, कल्लनसिंह मीना, चंद्रशेखर मीना, राकेश दूबे, विजेंद्र मीना समेत अन्य स्टाफ सदस्य और बडी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

टेंपो चोरी का आरोपी गिरफ्तार

करौली, (निसं)। करौली कोतवाली पुलिस ने कोर्ट परिसर से टेंपो चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कोर्ट परिसर और आसपास के सीसीटीवी फुटेज कि जांच कर आरोपी की पहचान की। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया टेंपो भी बरामद कर लिया है। कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि गत 18 जनवरी को वजीरपुर गेट निवासी कलाम ने कोर्ट परिसर में टेंपो खड़ा किया था। कुछ देर बाद टेंपो संभाला तो वह नहीं मिला। इस पर पीड़ित ने 19 जनवरी को अज्ञात चोर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस टीम ने कोर्ट परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों कि फुटेज की जांच की। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी कि पहचान कर ली और उसे गिरफ्तार कर लिया।

संविधान गौरव संगोष्ठी का हुआ आयोजन

करौली, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर भंवर विलास मैरिज होम में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान गौरव संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

मीडिया सह संयोजक योगेन्द्र सिंहल ने बताया कि संगोष्ठी में भाजपा जिलाध्यक्ष शिवकुमार सैनी ने अपने स्वागत भाषण में सभी का शाब्दिक रूप से स्वागत किया और साथ ही संगोष्ठी के बारे में बताते हुआ कहा कि बाबा साहब द्वारा पिछड़े एवं अगड़े सभी वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया। आज हमारा देश उन्ही के द्वारा दिए गए संविधान के हिसाब से ही चल रहा है। फूल चंद जाटव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अम्बेडकर ने सर्व वर्ग के हितो जो ध्यान में रखते हुए समरसता बढ़ाने का कार्य किया। कांठोस पार्टी हमेशा से अपने हिट के लिए कार्य किया और बाबा साहब का अपमान करने कोई कसर नहीं छोड़ी है। यहाँ तक कि अम्बेडकर जब चुनाव लडे तो उन्हें हारने में भी कांठोस आगे रही फूल चंद ने कहा कि संविधान खत्म करने का कार्य तो कांठोस कि इंद्रा गाँधी सरकार ने देश में आपातकाल लगाकर किया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जयेन्द्र सिंह ने कहा की कांठोस पार्टी ने 88 बार निर्वाचित सरकारों को खत्म करने का कार्य किया गया है जबकि विगत 11 वर्षों से केन्द्र में भाजपा कि सरकार होने और बहुत से राज्य की सरकारों के द्वारा केन्द्र सरकार को गाली देने और अन्य तरह के कृत्य करने के बाबजूद भी किसी सरकार को इस तरह से गिराने का कार्य नहीं किया। करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब ने जो संविधान बनाया उसका लाभ सभी को मिल रहा है। विधायक ने कहा कि कांठोस ने हमेशा भ्रमित करने का कार्य किया है जिससे हम सभी को सावधान रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता के रूप में बोलते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोती लाल मीणा ने कहा कि कांठोस झूठ बोलकर झूठा नरेटिव बनाती है और समाज उनके इस झूठ में आ जाता है इसलिए सभी को यह समझने की आवश्यकता है कि सच्चाई क्या है और यह सच्चाई समाज तक कैसे पहुंचे। आज की गोष्ठी का यही उद्देश्य है कि बाबा साहब ने जो संविधान बनाया उस संविधान और बनाने वाले के साथ कांठोस ने क्या किया। बाबा साहब न सिर्फ भारत कि जनता बल्कि अन्य देशों में भी चर्चित है। बाबा साहब किसी जाति, पंथ विशेष के व्यक्ति नहीं थे बल्कि वो सच्चे देशभक्त थे। संगोष्ठी में महेंद्र मीणा एवं कैलाश चन्द शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गए। कार्यक्रम में प्रहलाद सिंहल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,बृजलाल डिकोलिया निवर्तमान जिलाध्यक्ष, हरी सिंह बैरवा जिला महामंत्री,बाबू लाल जाटव जिलाध्यक्ष एससी मोर्चा, योगेश शर्मा विधानसभा संयोजक,ब्रजेश गुरु जिला सोशल मीडिया संयोजक,जयेन्द्र सिंह,धर्मेन्द्र सिंह जादौन,गीता देवी, आदि उपस्थित रहे।

लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का प्रतिमा अनावरण

भरतपुर (निस)। जिला बघेल महासभा के तत्वावधान में आयोजित लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का प्रतिमा अनावरण जिलाध्यक्ष राधेश्याम बघेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम ग्रामीण हाट, कम्पनी बाग, भरतपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा अनावरण पर दीप एवं पुष्प अर्जित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम होल्कर एवं बलराम निगोही ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री प्रो एस.पी.सिंह बघेल, विशिष्ट अतिथि उदय राजे होल्कर महाराज इंदौर एवं पुत्र अभयराज होल्कर, पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक डॉ सुभाष गर्ग, पूर्व राज्यमंत्री जगमोहन सिंह बघेल, नरेन्द्र सिंह बघेल, आरएलडी जिलाध्यक्ष, मुख्य वक्ता बाबूलाल प्रांत प्रचारक, गोविंद गुप्ता, भागीरथ सिंह, उत्तम एवं अन्य समाजों के जिलाध्यक्ष एवं संगठनों के जिलाध्यक्ष तथा बघेल समाज के सभी तहसील अध्यक्ष मौजूद रहे। जिले के संगठन मंत्री टीकम सिंह बघेल ने बताया कि मुख्य अतिथि एसपी सिंह बघेल ने जिलाध्यक्ष के आयोजन को लेकर उनकी सराहना की। समाज को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि मातेश्वरी अहिल्या बाई होल्कर ने अपने

जिला बघेल महासभा के तत्वाधान में पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा अनावरण किया

जीवनकाल में एक कुशल शासिका के रूप में शासन चलाया। जहां तक कि उन्होंने अपने माँ के रूप में भी समाज के लिये माँ की ममता का भी त्याग किया। उन्होंने अपने शासन में 12272 मंदिरों, कुंओं, मठों का मुगलों के शासन में भी उन्होंने जीर्णोद्धार कराया। आज हम जो भी हैं माँ अहिल्या की बदौलत हैं। उन्होंने कहा कि समाज तभी जागरूक होगा, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने बच्चों को राजनैतिक एवं शिक्षा को शेरनी का दूध समझकर पिलायेगा, तभी समाज का विकास संभव है। इंदौर से पधारे महाराज उदय राजे होल्कर ने कहा कि लोकमाता दादीमां जो अपने जीवन में सरल एवं सौम्य स्वभाव की प्रतिभा की धनी थी, वह अपने जीवनकाल में शिवजी की अनन्य भक्त थीं, उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज के लिये अनगिनत सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में निपुण रहीं, साथ ही मुगलों के शासन में भी निर्भय, निडर होकर उन्होंने अपना शासन पूर्ण किया, जिन्होंने समय-समय पर महिलाओं की रक्षा के लिये शिक्षा पर जोर दिया। मुख्य वक्ता बाबूलाल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत प्रचारक ने कहा कि संघ भी लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी पूरे भारतवर्ष में मना रहा है। उनके जीवन के महान कार्यों को भी हमें अपने दैनिक जीवन में भी अमल करना चाहिये, जिससे हम विवेक विचार वाले बन सकें।

सार-समाचार

कलश शोभा यात्रा निकाली

भरतपुर, (निस)। खानुआं श्रीराम भक्त ग्राम खानुआं संघ द्वारा रामचरण की अध्यक्षता में प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ प्रतिष्ठा के अवसर पर बुधवार को खानुआं में कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिसके संयोजक संतोष कुशवाहा सह संयोजक रणधीर सिंह व यश गर्ग रहे। वहीं कार्यक्रम के मुख्यवक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक भगीरथ सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि एक वर्ष पूर्ण होने के प्रारंभ में हमको संकल्पपूर्ति का आनंद मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'पूरे देश भर में दिख रहा है कि आनंद की लहर है, सदियों की आस पूरी होने का आनंद है. लेकिन सबसे बड़ा आनंद है भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिस आत्मविश्वास की आवश्यकता थी और जिस आत्म-भान की आवश्यकता थी, उसका साकार अधिष्ठान बनने का शुभारंभ आज एक बर्ष पहले हो चुका है। यह अधिष्ठान है आध्यात्मिक दृष्टि का. सारे जगत में अपने को और अपने में सारे जगत को देखने की भारत की दृष्टि का इस मंदिर के निर्माण के साथ ही देश में एकता और विश्व के नेतृत्व के प्रतीक की स्थापना हो गई थी। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग शारीरक प्रमुख कृपाल सिंह ने बताया कि माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर विद्यालय खानुआं से प्रारंभ होकर खानुआं क्षेत्र के मुख्य बाजार से होते हुए खानुआं मोड़ सरकारी स्कूल के पास से होते हुए कस्बे के रामलीला मैदान परिसर में पहुंची शोभायात्रा जिसमें समाज की सज्जन शक्ति, मातृशक्ति सम्मिलित रही। इस दौरान मार्ग में पुष्पवर्षा, आतिशबाजी एवं जय श्रीराम उद्घोष के साथ स्वागत किया गया। वही मंदिर में प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार कर भजन कीर्तन किए गए। शोभायात्रा में क्षेत्र के युवा महिलाओं ने डीजे की धुन में भगवान जय श्री राम के जय घोष के साथ हाथों में ध्वजा पताका लेकर चल रहे थे। भगवान लक्ष्मी नाथ मंदिर पर धर्म प्रेमियों की ओर से बूंदी का प्रसाद बाटा किया गया। शोभा यात्रा में भगवान का देव विमान शामिल रहा। शोभा यात्रा में भगवान की सुंदर झांकियां शामिल रही। कलाकारों ने करतब दिखाए। इस दौरान यश, विवेक, रणधीर, मनोज, सुम्मेर सिंह, सागर, ईश्वर चंद्र, पुष्पेंद्र, रवि कुमार, रणवीर, राहुल सक्सेना, सोनू, लोकेश, अर्पित, गौरीशंकर, हितेश, मुरलीधर, भावेश, कल्याण सक्सेना, पदम सिंह, गुलशन, आदि मौजूद रहे।

पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन

गंगापुर सिटी, (निसं)। आसपास के क्षेत्र की जनता के आस्था का प्रमुख केंद्र पंचमुखी बालाजी मंदिर रेलवे पुलिया चार सवाई माधोपुर रोड पर मंगलवार को विशाल पोस बडा प्रसादी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सुबह रामलाल दरबार एवं पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा एवं शिव परिवार का पंचामृत से अभिषेक कर इत्र पुष्पों के द्वारा विशेष श्रृंगार किया गया। उसके पश्चात भगवान को गरमा गरम मालपुआ एवं बडे का भोग लगाया गया एवं महाआरती की गई। मंदिर महत श्री श्री 1००8 महंत रामस्वरूप दास त्यागी जी महाराज की भी भक्त गणों ने माला पहनाकर एवं पुष्प बरसा कर सभी ने ढोक देकर के आशीर्वाद लिया। दोपहर 12 बजे से शुरू हुए विशाल भंडारे में पंगत पर बिठाकर के गरम-गरम मालपुआ एवं बडे की प्रसादी का सभी को वितरण किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में गंगापुर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के भक्तगण पहुंचे। इस दौरान महंत रामस्वरूप दास जी त्यागी महाराज, महेश ठीकरिया, गोविंद किंग् स्टाइल, समाजसेवी त्रिलोक अग्रवाल ठेकेदार, दर्शन सिंह गुर्जर, राजू मालधनी, पप्पू हलवाई, पार्षद धन सिंह मावई, पार्षद जगदीश खटाना, राजू करौली, भानु पारीक, नरेश दुबे, समयसिह, राधे पटेल सहित हजारो भक्तगण मौजूद रहे।

प्रतिभाओं को किया सम्मानित

करौली, (निसं)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय बैरवा बस्ती डूडापुरा में वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे 30 प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबूलाल मीना जिला परिषद सदस्य एवं गंगाराम प्रजापत सचिव दक्ष प्रजापति विकास संस्थान करौली,भरत लाल ठेकेदार,रामेश्वर मीना,विशिष्ट अतिथि रहे संस्था प्रधान रमेश प्रजापत ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में श्रेष्ठ कार्य के लिए 30 प्रतिभाएं सम्मानित हुई बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए शिक्षक चंद्रभान सिंह,विष्णु सिंह ने अतिथियों का माला साफा पहनाकर स्वागत किया अतिथियों ने प्रतिभाओं जिनमें मोनिका को उत्कृट विद्यार्थी,अनुशासन में दीपक 'ाकिरबार,सर्वाधिक उपस्थित में गहलोत मीना,नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्य में मोनिका एवं नवल देई को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गंगाराम प्रजापत ने कहा कि बच्चो को अपने जीवन में उच्च आदर्शों को अपनाना चाहिए प्रात जल्दी जागने और हमेशा सत्य बोलने कि आदत डालनी चाहिए हमेशा गुरुजनों एवं वृद्ध जनों का अभिवादन करना चाहिए अनुशासन से प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है कार्यक्रम में स्थानीय ग्राम पंचायत क्षेत्र ससेडी के विद्यालयों के संस्था प्रधान धनराज झारबाड़ी,कोटरा गोदामपुरा डूडापुरा,गोविंद सिंह राजकीय प्राथमिक विद्यालय मालीपुरा,शिवम् खरे, पुरुषोत्तम लाल माली राजकीय प्राथमिक विद्यालय सूरदान,बलवीर प्रजापत,कमल लाल मीना,राजू जाटव,लवकुश मीना,कमल सिंह मीना,चतरबाई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,रिद्धी मीना,हेमलता मीना सहित कई लोग मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर व एसपी ने किया दौरा

गंगापुर सिटी । जिला हटने के 22 दिन बाद सवाई माधोपुर की जिला कलेक्टर शुभम चौधरी और पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने बुधवार को यहां का दौरा किया। कलेक्टर ने सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया, जहां गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। अस्पताल निरीक्षण के दौरान मरीजों ने कलेक्टर को डॉक्टरों की अनियमित उपस्थिति, जलभराव और गंदगी की समस्याओं से अवगत कराया। अस्पताल प्रशासन ने 24 घंटे दवा का